रणजीत टाइम्स
इंदौर
शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025
वर्ष 01 | अंक 168 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# तुलसी सिलावट का बड़ा कबूलनामा! कहा- चेतकपुरी सड़क जल्दबाजी में बनाने को लेकर मैंने बनाया दबाव

ग्वालियर। देशभर में ग्वालियर की सबसे ज्यादा किरकिरी कराने वाली नवनिर्मित चेतकपुरी सड़क सवालों के घेरे में है। क्योंकि वह बीते 12 दिनों में 10 से ज्यादा बार धसक चुकी है। ऐसे में इस सड़क के जल्दवाजी और दबाब डाल कर बनबाने से जुड़े सवाल पर प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट का भड़कते हुए बड़ा कबूलनामा सवाल आया है। प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ने चेतकपुरी सड़क निर्माण में नियमो की अवहेलना के सवाल से खीझते हुए कहा है कि आपने ही (पब्लिक) मुझसे बोला सड़क नहीं बन रही है,आपने ही मुझसे बोला सड़क बनना चाहिए,फिर तो मैं अधिकारियों पर दबाव डालूंगा ही।



## नवनिर्मित सड़क का जायजा लेने पहुंचे थे प्रभारी मंत्री

दरअसल करोड़ों की लागत से तैयार की गई ग्वालियर की चेतकपुरी नवनिर्मित सड़क में हर दिन होने वाले 5 से 10 फीट गहरे गड्ढो को लेकर प्रशासन औऱ ठेकेदार पर बड़े सवाल उठ रहे है। ऐसे में ग्वालियर शहर की चेतकपुरी सड़क सहित अन्य खस्ताहाल सड़कों का जायजा लेने के लिए जब ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट निकले। तो उनका काफिला भी गड्ढेदार सड़क से बच नहीं सका। पटेल नगर इलाके में मंत्री के काफिले में शामिल कर जब गुजरी तो मौके पर ही गड्ढे को भरने का काम चल रहा था, ऐसे में गड्ढे से बचने के लिए जब गाड़ी में अचानक साइड लेने की कोशिश की तो उससे टकराकर बाइक पर चल रहा एक राहगीर पड़ा और उसे हल्की चोटें भी आई।

शहर की खराब सड़कों के चलते प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट ,प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के साथ अपनी कार से उतरे औऱ बाइक से ही सड़कों का जायजा लेने आगे बढ़े। जहां जहां सड़को में गड्ढे दिखे साथ में चल रहे जिम्मेदार अधिकारियों को जल्द सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## मीडिया के सवालों पर भड़के मंत्री सिलावट

जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते शहर की सड़के खस्ताहाल हुई है ऐसे में प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट से पूछे गए सवाल पर वह भड़कते हुए नजर आए। प्रभारी मंत्री ने ठेकेदार और प्रशासनिक जिम्मेदार अधिकारियों के दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाने की बात की जगह कहा कि आपने ही (पब्लिक) मुझसे बोला सड़क नहीं बन रही है, आपने ही मुझसे बोला सड़क बनना चाहिए, फिर तो मैं अधिकारियों पर दबाव डालूंगा ही,ताकि जनता को सुविधा मिल सके। वहीं प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट के इस गैर जिम्मेदाराना बयान पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता आरपी सिंह ने निंदा की है। उनका कहना है कि हमने पहले ही कहा था कि यहां के प्रभारी मंत्री हमेशा नदारत रहते हैं। जब ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित प्रदेश के बड़े नेताओं का दबाव आता है तो वह गैर कानूनी काम करने के लिए विवश करते हैं। ठेके की कंडीशन को फुलफिल करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है, साथ ही साथ अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वह SOP को फॉलो कराए। जब मंत्री या कोई व्यक्ति ठेकेदार या अधिकारी पर दबाब डालता है तो यह गैरकानूनी काम करता है।

# एमपी में बारिश से बाढ़ के हालात, डिंडोरी में 100 गांवों का संपर्क टूटा, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी



भोपाल। Weather Update: मध्य प्रदेश में एक तरफ अच्छी बारिश (Rain) से मौसम सुहाना हो गया है। कई जगहों पर भूजल स्तर बढ़ गया है। लेकिन इस मूसलाधार बारिश ने कई क्षेत्रों में समस्या उत्पन्न कर दी है। जिसकी वजह से बाढ़ जैसे हालात हो गए हैं।

## आफत के बारिश से नहीं मिलेगी राहत

कई जिलों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आशंका जताई है कि फिलहाल आफत की बारिश से राहत के आसार नहीं हैं। कई जिलों में आगामी कुछ घंटों में झमाझम पानी गिर सकता है।

## कई गांवों के संपर्क टूटे

एमपी में लगातार मूसलाधार बारिश से कई इलाकों के संपर्क टूट गए हैं। जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, सिवनी में जनजीवन प्रभावित हो गया है। डिंडौरी में 100 से अधिक गांवों का संपर्क टूट चुका है।

## SDRF ने संभाला मोर्चा

वहीं मंडला में लगातार 12 घंटे बारिश से रास्ते बंद हैं। जिसके बाद SDRF ने मोर्चा संभालते हुए 5 लोगों को रेस्क्यू किया। वहीं, गुना में नदियों पर पानी होने से बमोरी मार्ग बंद हो गया है। इसी के साथ सिवनी में पुल-पुलिया डूब गए और यातायात ठप हो गया है।

## मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

इस बीच मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। रीवा, शहडोल, सागर, जबलपुर में भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाओं का खतरे की आशंका भी जाहिर की है। मौसम विभाग के अनुसार, ओडिशा में चक्रवात से MP में द्रोणिका सक्रिय है। हवा की गति 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं बारिश की वजह से प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है और राहत बचाव के लिए मुस्तैद है।

# सतपुड़ा के जंगलों की हरियाली में लहराए जामुन के पेड़, गरीबों के लिए बना रोज़गार

### बारिश के चलते सतपुड़ा की तलहटी में फैली हरियाली, कुंदा नदी के किनारे जामुन की आवक जोरों पर

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन। निमाड के खरगोन जिले की सतपुड़ा की तलहटी में बसे तहसील भगवानपुरा क्षेत्र में इन दिनों प्रकृति अपने पूरे यौवन पर है। बीते दिनों हुई झमाझम बारिश के बाद पूरा इलाका हरियाली की चादर ओढ़े नजर आ रहा है। जंगल, नदी और घाटियों में चारों तरफ पेड़-पौधों की हरियाली झूम रही है। खासकर सिरवेल, पीपलझोपा, दैजला, देवाड़ा, बिष्ठान से लेकर खरगोन तक फैले कुंदा नदी क्षेत्र में तो मानो प्रकृति ने जामुन का उत्सव ही बिखेर दिया हो। यहां जंगल की गोद में लहराते जामुन के हरे-भरे पेड़ न सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं, बल्कि इन पर लदकद लगे काले-नीले जामुन



ग्रामीणों के लिए रोज़गार का जरिया बन गए हैं। गांव के गरीब व आदिवासी परिवार सुबह होते ही नदी किनारे पहुंचे लगते हैं और पेड़ों से ताज़े जामुन तोड़कर इकट्ठा करते हैं। फिर इन्हीं जामुनों को लेकर बस से खरगोन मुख्यालय रवाना होते हैं, जहां इन्हें 70 रुपये प्रति किलो तक की अच्छी कीमत मिल जाती है।

## जामुन से जुड़ी है प्रकृति की खास विशेषता

जामुन के पेड़ की विशेषता यह है कि इसकी गिरी हुई जामुन बीज बनकर वहीं जमीन पर अंकुरित हो जाती है और समय के साथ नया पेड़ बन जाती है। यही कारण है कि नदी-नालों के किनारे हर साल जामुन के नए पेड़ तैयार हो जाते हैं। यह प्रकृति की वह देन है, जो न केवल हरियाली को बढ़ा रही है बल्कि स्थानीय गरीबों के लिए आमदनी का साधन भी बन रही है।ग्राम देजला की गुलाली बाई, राधा, मनीषा और सिरवेल के महेश आवासे, सुभाष रावत, गणेश रावत बताते हैं, "सुबह 6 बजे ही हम लोग नदी किनारे निकल पड़ते हैं, दिनभर जामुन इकट्ठे कर उन्हें खरगोन भेजते हैं। बारिश के इस मौसम में जामुन ही हमारा सहारा बनता है। हरियाली, पेड़ और प्रकृति से मिलने वाला यह उपहार,गरीबों के लिए जीवन की राह बन गया है।

## औषधिय फल

जामुन यूं तो खाने में खट्टा मीठा लगता है लेकिन इसके औषधीय गुणों की बात करे तो यह शुगर के पेशेंट के लिए लाभदायक है वंही बताते है कि अगर कोई चीज खाने से आपके शरीर में किसी तरह से बाल चला गया हो तो वह भी इससे गल जाता है साथ ही यह शुगर के लिए भी लाभदायक माना जाता है।

## ओनलाइन पेमेंट किया 'ओम साईं रेस्टोरेंट' को, रिसीवर निकला 'मोहम्मद कादिर'- वकील ने थाने में दिया आवेदन

**राजेश धाकड़**

इंदौर। इंदौर के सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित "ओम साईं रेस्टोरेंट" में चाय-नाश्ते के बाद ऑनलाइन पेमेंट करना एक वकील को अजीब और आपत्तिजनक अनुभव दे गया। वकील प्रशांत वर्मा का आरोप है कि उन्होंने जब रेस्टोरेंट में ऑनलाइन पेमेंट किया, तो रिसीवर का नाम "मोहम्मद कादिर" दिखाई दिया। प्रशांत वर्मा ने इस विषय को गंभीर मानते हुए तुरंत थाना छोटी ग्वालटोली में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि रेस्टोरेंट का नाम "ओम साईं" जैसे धार्मिक पहचान से जुड़ा है, और इस नाम से जुड़ी आर्थिक लेन-देन की जानकारी किसी अन्य धर्म विशेष के व्यक्ति के नाम पर आना, धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। वकील वर्मा का कहना है कि यह जानबूझकर




लोगों को भ्रमित करने और धार्मिक प्रतीकों का व्यावसायिक व धार्मिक अनुचित इस्तेमाल हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, ऑनलाइन पेमेंट प्रणाली से जुड़ी जानकारी और बैंक विवरण की जांच कर यह स्पष्ट किया जाएगा कि यह मामला तकनीकी गड़बड़ी का है या किसी अन्य उद्देश्य से किया गया था।

## हैदराबाद में प्रसिद्ध तेलुगु न्यूज एंकर स्वेत्वा वोटारकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली



तेलंगाना। न्यूज एंकर स्वेत्वा वोटारक के पिता ने आरोप लगाया है कि स्वेत्वा को एक व्यक्ति ने मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे तंग आकर उन्होंने यह कदम उठाया। यह व्यक्ति स्वेत्वा का दोस्त था और उनके साथ पिछले चार साल से रिश्ते में था, लेकिन रिश्ते में कुछ समस्याएं थीं।

**मामले की मुख्य बातें**

- आरोपीः स्वेत्वा के पिता ने एक व्यक्ति पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है।
- कारणः मानसिक प्रताड़ना और तनाव।
- मृत्यु के बादः कोई सुसाइड नोट नहीं मिला, पुलिस जांच कर रही है।
- पुलिस कार्रवाईः आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। स्वेत्वा की मृत्यु से तेलुगु मीडिया जगत में शोक की लहर है। बीआरएस नेता केटी रामा राव ने स्वेत्वा की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक निडर पत्रकार और समर्पित तेलंगाना नागरिक थीं।

## 447वीं बाबा लखीशाह बंजारा जयंती पर भव्य आयोजन सम्पन्न

**राजेश धाकड़**

नई दिल्ली। देश के महान त्यागी, सामाजिक समरसता के प्रतीक और बलिदान की प्रतिमूर्ति बाबा लखीशाह बंजारा जी की 447वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और गरिमामय आयोजन के साथ मनाई गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में देशभर से हजारों श्रद्धालु, साधु-संत, समाजसेवी एवं विचारक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद श्री उमेश जाधव ने बाबा लखीशाह जी के बलिदान को राष्ट्र और समाज के लिए "अनुपम प्रेरणा" बताया। उन्होंने कहा कि बाबा जी का जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा, धर्म रक्षा और सामाजिक समरसता की शिक्षा देता है।



विशिष्ट अतिथियों में पोहरादेवी, महाराष्ट्र से श्री शेखर महाराज, चारूकेसर आश्रम से श्री राधे चैतन्य महाराज, श्री अनंत पंवार, भारत जी पारिक और पुरुषोत्तम लाखा जी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बाबा जी के जीवन संघर्ष, सामाजिक योगदान और आध्यात्मिक मूल्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन मुंबई से पधारे श्री राम राठौर ने अत्यंत प्रभावशाली और अनुशासित शैली में किया, जिससे कार्यक्रम में भावनात्मक प्रवाह बना रहा। यह आयोजन केवल एक जयंती नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक परंपरा और ऐतिहासिक चेतना का अद्भुत संगम बन गया। बाबा लखीशाह जी की स्मृति ने यह संदेश दिया कि जब समाज अपने इतिहास और मूल्यों से जुड़ता है, तब नई पीढ़ी को न केवल दिशा मिलती है, बल्कि ऊर्जा भी प्राप्त होती है।

## आदिवासी महिला के साथ अपहरण और शोषण का सनसनीखेज मामला, सीहोर पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल



**ऋषि गोस्वामी**

करैराः- करैरा अनुविभाग के सीहोर थाना क्षेत्र के ग्राम बहगवा में एक आदिवासी महिला के साथ अपहरण, शारीरिक शोषण और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़िता का परिवर्तित नाम चाँदनी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि बृजेश जाटव और वीर सिंह रावत ने मिलकर महिला का अपहरण किया, उसे बंधक बनाया, शारीरिक शोषण किया, और उसके जेवरात व नकदी लूट लिए। इसके साथ ही आरोपियों ने महिला को बेचने की कोशिश की और जान से मारने की धमकियां दीं।

महिला ने बताया कि वह कई वर्षों से अपने पति से अलग रहकर श्रीपाल जाटव के साथ ग्राम बहगवा में सुख-शांति से रह रही थी। 14 जून 2025 को वह अपने मायके जा रही थी, तभी रास्ते में बृजेश जाटव ने उसे भ्रमित कर मोटरसाइकिल पर बैठाया और वीर सिंह रावत के घर ले गया। वहां उसे बंधक बनाकर जातिगत अपमान, शारीरिक शोषण और जान से मारने की धमकियां दी गईं। आरोपियों ने उसे कई दिनों तक बंधक रखा और बाद में झांसी और बरुआ सागर ले गए, जहां उसे बेचने का असफल प्रयास किया गया। इस दौरान आरोपियों ने उसका मंगलसूत्र, कानों के कुंडल और 6000 रुपये लूट लिए, जिन्हें एक सराफा दुकान पर बेच दिया गया। 23 जून 2025 को आरोपियों ने उसे गांव के बाहर छोड़ दिया और उसका मोबाइल फोन व सिम तोड़कर धमकी दी कि शिकायत करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मार देंगे।

घर पहुंचकर महिला ने श्रीपाल जाटव को घटना बताई और सीहोर थाने में शिकायत दर्ज कराने गई, लेकिन पुलिस ने न तो FIR दर्ज की और न ही कोई कार्रवाई की। उल्टा, उसे डांटकर भगा दिया गया। इस घटना से पीड़िता और उसके परिवार में डर का माहौल है। सीहोर पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है, ताकि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और उसे इंसाफ मिले। यह मामला करैरा अनुविभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**इनका कहना है**

हमारे यहाँ थाने आये थे और बोलने लगे कि घटना नरवर की है तो वह नरवर चले गये थे लेकिन अगर हमारे यहाँ का अब बता रहे है तो दिखवा लेते है।

**विवेक यादव थाना प्रभारी सीहोर**

# संवाददाता नितिन बामदले जी का जन्मदिवस रणजीत टाइम्स कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया





**इंदौर**

दिनांक 4 जुलाई 2025 को रणजीत टाइम्स के मुख्य कार्यालय पर हमारे मेहनती और समर्पित संवाददाता नितिन बामदले जी का जन्मदिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उन्हें "महिला की प्रतिमा" भेंट कर सम्मानित किया गया एवं उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे – दीपक वाडेकर, विपिन शर्मा, बंटी भाई, संवाददाता मुरली फावड़े, संपादक श्री गोपाल गावंडे जी रणजीत टाइम्स परिवार की ओर से श्री नितिन बामदले जी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं अपार सफलता प्रदान करें।

# भारतीय जनता पार्टी इंदौर में नगर से लेकर,अब प्रदेश तक जमावटों का दौर हुआ शुरू

इंदौर। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा की नियुक्ति के बाद से ही नगर कार्यकारिणी में जमावट और घुसपैठ से लेकर हर संभव कोशिशों का दौर जारी ही था। लेकिन अब हेमंत खंडेलवाल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से तो इंदौरी भाजपाइयों की मेहनत और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल वैसे ही इंदौर नगर में भाजपाइयों को सेट करने में तमाम मुश्किलें,गुट, वर्चस्व आड़े आ रहा था। और अब नए प्रदेश अध्यक्ष के बाद नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के लिए यह मामला और भी ज्यादा मुसीबतों भरा साबित हो रहा हैं। क्योंकि उनकी नगर टीम में हर वर्ग और गुट को साधना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया हैं।

## नगर में बहुत मारामारी

भाजपा इंदौर नगर के कप्तान सुमित मिश्रा की स्थिति फिलहाल काफी ज्यादा उथल पुथल वाली बन गई हैं। क्योंकि उनकी नगर टीम में आने के लिए सभी गुट से दावेदार काफी ज्यादा सामने आ गए हैं। और पद संख्या की बात कि जाए तो वह काफी ज्यादा कम ही हैं। लिहाजा सूत्र बताते है कि अब कई नाम ऐसे है। जिन्हें अन्य जगह सेट करने पर भी विचार किया जा रहा हैं।

## पुराने पदाधिकारी भी दावेदार

नगर कार्यकारिणी के लिए नए नाम तो सामने है ही। लेकिन कई नाम ऐसे हैं। जो पूर्व कार्यकारिणी में शामिल थे। लिहाजा अब वह ऐसे पूर्व पदाधिकारी भी उक्त जुगाड में है कि कैसी भी करके उनका नाम नगर कार्यकारिणी में शामिल हो जाएं।





## प्रदेश में अलग ही माहौल

इसके अलावा प्रदेश भाजपा में शामिल होने के लिए भी इंदौरी कई ऐसे भाजपा नेता हैं। जो अब नए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की टीम में शामिल होना चाहते हैं। हालांकि अभी प्रदेशाध्यक्ष को एक दो दिन ही हुए हो रहे हैं। अपने पद की जिम्मेदारी लिए हुए। लिहाजा प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर अभी समय तो बहुत हैं। लेकिन इंदौरी भाजपा नेता अभी से इस फिराक में है कि किसी भी तरह से उनका स्थान प्रदेश कार्यकारिणी में पक्का हो जाएं।

# सहजयोग जीवन को शांत, शीतल व सृजनशील बनाता है

प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग एक सत्ययोग है। सत्य के बारे में कहा जाता है कि 'सत्यमेवजयते' अर्थात् सत्य की ही विजय होती है । उपनिषद् में वर्णित है, 'नायमात्मा बलहीनेन लभ्यो ' न अयम आत्मा बलहिजेन लभ्यो' अर्थात् आत्मतत्व बलहीन व्यक्ति को नहीं प्राप्त होता। सत्य को धारण करने के लिये सूक्ष्म विचार, शुद्ध इच्छाशक्ति और बल चहिये। इसलिये सहजयोग धीरे-धीरे फैलता है। प. पू. श्री माताजी कहते हैं कि जीवंत-प्रक्रिया का विकास धीरे-धीरे होता है। उदाहरण के लिए, इस प्लास्टिक के फूल बड़ी संख्या में जल्द बना सकते हैं पर गुलाब या कोई भी अन्य फूल उगाने के लिए हमें धरती माता की शरण में जाना होगा। उस पेड़ या पौधे की, पूर्ण रक्षा कर उसका पोषण करना होगा तभी एक लम्बे समय के बाद हम उसके फल और फूल का आनंद ले सकेंगे। सहजयोग भी एक जीवंत प्रक्रिया है, जिस किसी व्यक्ति को यह योग प्राप्त होता है, उसका जीवन शांत, शीतल और सृजनशील होता है। इस योग के बारे में अन्य सभी को बताने की उमंग सदैव उसके मन में बनी रहती है। इसी के संदर्भ में हम आपको एक प्रसंग बताना चाहते हैं एक बार तीन दोस्त पार्क में बैंच पर बैठकर चर्चा कर रहे थे। उनमें से दो दोस्त धर्म और तत्वज्ञान पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। दोनों ही एक दूसरे के धर्म की आलोचना कर रहे थे। अंततोगत्वा हम दोनों में कौन श्रेष्ठ है इसका निर्णय करने के लिये वे तीसरे दोस्त के पास गये। तीसरा मित्र शांत था। उन दोनों की चर्चा साक्षी भाव से देख रहा था । जब ये दो मित्र उसके पास निर्णय सुनने के लिये गये तो उसने कहा, जब मैं आपको निर्णय दूंगा तो आप मुझ पर विश्वास नहीं करेंगे। फिर भी वे दोनों कहने लगे आप चिंतनशील हैं कृपया अपना निर्णय सुनाएं । तीसरे मित्र ने कहा कि आप दोनों ही सही नहीं हैं बल्कि मैं सही हूं। दोनों मित्र आश्चर्यचकित हो गये, तीसरे मित्र ने अत्यंत शान्ती से कहा, मै ही सही हूँ, मेरा चिंतन सत्य है यह मुझे सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि जो व्यक्ति सत्य जानता है, उस सत्य को धारण करता है, उस सत्य की राह पर अडिग रहता है वो उस सत्य को अन्य सामान्य जनों पर थोपता नहीं है क्योंकि सत्य तो स्वयं प्रकाशित होता है। जैसे कि सूरज को दिया दिखाने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत सभी को स्वयं ही स्वीकार्य होते हैं। सहजयोग भी इसी सत्य पर आधारित ब्रह्म से एकाकारिता का मार्ग है। जो कि कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति का मार्ग है। सहज योग निशुल्क भी है और आसान भी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी हेतु टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 पर संपर्क कर सकते हैं।



## मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल कालिदास संस्कृत अकादमी का संभागायुक्त श्री गुप्ता, मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री निवेदिता,कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण किया

**राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण 2025 कालिदास संस्कृत अकादमी में 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा**

रणजीत टाइम्स



उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 10 जुलाई को कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय निषाद राज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण 2025 कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम स्थल का संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता,मैनेजिंग डायरेक्टर मत्स्य महासंघ सुश्री निधि निवेदिता, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक बैरीकेडिंग, पानी निकासी का व्यवस्थित प्रबंधन,पार्किंग, मंच की व्यवस्था, विद्युत ,प्रकाश और साउंड की व्यवस्था , आने वाले हितग्राहियों के लिए पेयजल की व्यवस्था,साफ सफाई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह, मत्स्य विभाग के अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों के वेलनेस और तनाव मुक्ति के लिए मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया



रणजीत टाइम्स

झाबुआ । कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय के परिसर में स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के वेलनेस के लिए मेडिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को तनाव मुक्त करना और उनकी कार्यक्षमता बढ़ाना था। सामाजिक न्याय विभाग एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में तनाव मुक्ति हेतु जयंती दीदी एवं ज्योति दीदी ने कर्मचारियों को मेडिटेशन के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मेडिटेशन से वाणी में मधुरता, कर्मो में श्रेष्ठता और स्वभाव में सरलता आती है। तनाव मुक्ति मेडिटेशन के माध्यम से कर्मचारियों को तनाव मुक्त करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों के कल्याण और उनकी कार्यक्षमता में सुधार लाना था। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्र सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, संयुक्त कलेक्टर श्री अक्षय सिंह मरकाम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया , उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सांवले एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट के आंदोलन की जीत

**रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाई गई, शांतिपूर्ण संघर्ष ने दिलाई सफलता**

रणजीत टाइम्स




इंदौर । इंदौर शहर के स्कीम नंबर 71 क्षेत्र के रहवासियों को बड़ी राहत मिली है। रहवासी क्षेत्र में खोली गई शराब दुकान को भारी जनविरोध और शांतिपूर्ण आंदोलन के बाद प्रशासन ने अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया है। यह सफलता भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट और स्थानीय रहवासी संघ के लगातार प्रयासों का नतीजा है। शराब दुकान के खुलते ही स्थानीय निवासियों ने पहले दिन से ही विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया था। इस विरोध को ट्रस्ट के जिला उपाध्यक्ष श्री संदीप लाड़ ने सबसे पहले स्वर दिया, जिसके बाद यह आंदोलन संगठित होता गया। इंदौर जिला अध्यक्ष राकेश विश्वकर्मा, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती उमा सोनी, युवा विंग अध्यक्ष अभिषेक नाहर, युवा अध्यक्षा आस्था जैन, मनोरंजन जोशी और विनोद अग्निहोत्री जैसे पदाधिकारियों ने प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर इस संघर्ष को मजबूती दी।

आंदोलन के दौरान कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं — शांतिपूर्ण धरना रैलियाँ और नुक्कड़ नाटक योग दिवस कार्यक्रम सुंदरकांड पाठ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपना

इस पूरे अभियान को राष्ट्रीय स्तर का समर्थन मिला। राष्ट्रीय संयोजक श्री प्रेमकुमार वैद्य ने इंदौर पहुंचकर टीम का मनोबल बढ़ाया और इसके पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुनील सिंह यादव स्वयं इंदौर पहुंचे और कहा: » "हमारा संगठन आख़िरी दम तक रहवासियों के साथ खड़ा रहेगा। जब कोई न सुने, तब हमें चुने।" उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन लगातार मुख्यमंत्री, राज्य मंत्री, कलेक्टर, आबकारी कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारियों के संपर्क में रहा।

अंततः प्रशासन ने जनभावनाओं और संगठन की मजबूत रणनीति को देखते हुए शराब दुकान को रहवासी क्षेत्र से हटाने का निर्णय लिया। संगठन को मिली बधाइयाँ इस उपलब्धि पर रहवासी संघ के साथ-साथ प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर से बधाइयों का तांता लग गया है। राष्ट्रीय संरक्षक पं. रितिक महाराज, राष्ट्रीय सचिव शिवम तिवारी, युवा अध्यक्ष कृष्णा यादव, मनीष गुप्ता, उज्जैन जिला अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय मंत्री डॉ. हरीश शर्मा, संतोष सांवरिया, प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह पवार, श्रीमती सौंपा शाह, श्रीमती अनीता दुबे, राष्ट्रीय महामंत्री सोहन वर्मा, मोहनलाल गुर्जर, श्रीमती सुधारानी शर्मा, श्रीमती शोभा गोस्वामी, अनिल जैन, जीवनलाल जैन (चायवाले) सहित कई पदाधिकारियों ने माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार प्रकट किया।

## पर्यावरण के क्षेत्र में श्रेष्ट कार्य हेतु सलकनपुर गाँव को सम्मानित किया गया

रणजीत टाइम्स

धार । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस स्वेच्छिक्ता पर्व के आयोजन के अवसर पर धार ज़िले में पर्यावरण के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली संस्थानों को सम्मानित किया गया , जिसमे तिरला ब्लॉक सेक्टर ०२ की नवांकुर संस्था परम् वैभव सामाजिक कल्याण समिति को सम्मानित किया , सलकनपुर गाँव की युवा टोली पर्यावरण संरक्षण ने पोधा रोपण व प्राचीन बावड़ियों की सफ़ाई में एक अच्छा काम कर रही है । जन अभियान परिषद के ज़िला सामान्यवयक नवनीत रत्नाकर , सामाजिक कार्यकर्ता रामगोपाल जी वर्मा ,और मुक़ाम सिंह जी रावत द्वारा सम्मानित किया गया साथ ही जन अभियान परिषद के इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारीया दी गई , और आने वाले समय में किस प्रकार से स्वैच्छिक संघटनों की भूमिका समाज में हो उसकी बाते बताई गई । सलकनपुर युवा टोली की और से विकास जाट जी उपस्थित हुए , और उन्होंने इस सम्मान की गाव के लोगो को समर्पित किया और कहा कि ये सम्मान मेरा नहीं - गाँव की पर्यावरण संरक्षण टोली का सम्मान है गाँव के सभी नागरिकों का सम्मान है हम आगे भी सामाजिक क्षेत्र में इसी तरह कार्य करते रहेंगे सभी के सहयोग से ,हमारी सेवा भारत माता के चरणों में समर्पित है ,सामाजिक व्यवस्थवों में परिवर्तन के लिए हम काम करते रहेंगे ।



## बाजना में सरोज बाला पालरेचा के नेत्रदान सम्पन्न — दो लोगों को मिलेगा नई दृष्टि

**रणजीत टाइम्स**

रतलाम I बाजना निवासी शुश्रावक भवरलाल पालरेचा, की पुत्रवधू मगनलाल पालरेचा की धर्मसाहियका चांदमल मुथा की सुपुत्री श्रीमती सरोज बाला पालरेचा का शुक्रवार को दुखद निधन हो गया। इस दु:खद क्षण में परिवार ने नेत्रदान का संकल्प लिया, जिससे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी प्राप्त होगी। पालरेचा परिवार के इस पुण्य कार्य को 'नेत्रम संस्था' ने तत्परता से क्रियान्वित किया। संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि राकेश, लोकेश, देवेन्द्र, अंशुल पालरेचा,संजय पालरेचा पवन कटारिया,नितिन पोरवाल ने सरोज बाला पालरेचा के परिजनों पुखराजमल,केशरीमल, हस्तीमल, मुन्नालाल पालरेचा,बेटी हर्षिता, वैशाली, पायल, दामाद यश जैन,हर्ष जैन, एवं परिजनों को नेत्रदान हेतु प्रेरित किया परिजनों की सहमति के पश्चात संस्था द्वारा रतलाम मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. अनीता मुथा को सूचना दी गई।डॉ. मुथा के निर्देशानुसार, नेत्र विभागाध्यक्ष डॉ. रिशेन्द्र सिसोदिया के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर विनोद कुशवाह ,भावना खन्ना द्वारा जीवन देवडा के सहयोग से नेत्र संग्रहण की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई।नेत्रदान टीम को मेडिकल कॉलेज से चत्तर के निवास तक पहुंचाने और पुनः वापस लाने की व्यवस्था नेत्रम संस्था के नवनीत मेहता ने अपने निजी वाहन द्वारा शुशील माथुर के सहयोग से की। इस पुनीत कार्य के अवसर पालरेचा परिवार के स्नेहीजनों, शुभचिंतक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था ने पालरेचा परिवार के इस निर्णय को समाज के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण बताते हुए सभी नागरिकों से नेत्रदान जैसे महान कार्य में भाग लेने की अपील की है।



## विडंबनाः यहां पांच बच्चों पर दो शिक्षक , वहां 80 बच्चों पर एक शिक्षक... अतिथियों के भरोसे सरकारी स्कूल, छात्रों का भविष्य कैसे संवरेगा

बड़ावदा। 1 जुलाई से सभी स्कूल विधिवत शुरू हो चुके हैं। सरकारी स्कूलों में कही शिक्षक की कमी है तो कहीं कम बच्चो पर शिक्षक अधिक हैं। क्षेत्र के अधिकांश स्कूल तो अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं। जिससे सरकारी स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित हो रही हैं।

पांच बच्चों पर दो शिक्षक... समीप के गांव नाथूखेड़ी में प्राथमिक विद्यालय है। गुर्जर बाहुल्य इस गांव में मात्र 75 लोगों की आबादी में दस घर है। जिनके पांच बच्चे ही स्कूल पढ़ने जा रहे हैं। कक्षा दूसरी व पांचवीं में एक भी छात्र नहीं है। गांव का कोई भी बच्चा निजी स्कूल में पढ़ने नहीं जाता है। बताया जा रहा है कि शासन का नियम है कि 60 बच्चों पर दो शिक्षक अनिवार्य रूप से माध्यमिक स्कूल में रहते हैं। इसी के चलते नाथूखेड़ी में पांच छात्रों पर दो शिक्षक है।

अर्जला में मिडिल में शिक्षक ही नहीं.... इधर जनपद अध्यक्ष रूकमणि हेमराज हाड़ा के वार्ड में मिडिल स्कूल में शिक्षक ही नहीं हैं। सिर्फ एक शिक्षक की व्यवस्था की हैं। जबकि यहां लगभग 80 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। ऐसे में कैसे छात्रों की पढ़ाई होगी विचारणीय है? शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष जुझार सिंह अजमेरिया ने बताया कि एक शिक्षक को अटैच किया गया। वो भी यदि सरकारी काम से कही चले जाय तो क्या होगा?मजबूरी में लोगों को बच्चों को निजी स्कूल में पढ़ने भेजना पड़ रहा हैं। शिक्षा विभाग को ध्यान देना चाहिए।



यहां तीन तीन अतिथि आए... ललियाना व हनुमंतिया के मिडिल स्कूल में भी अतिथि शिक्षक ही छात्रों का भविष्य संवारेंगे। यहां दो जुलाई से तीन तीन अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हुई हैं।

# पुलिस ने चोरी की घटना का किया पर्दाफाश- ठेकेदार ही निकला चोरी का मास्टरमाइंड

**नल जल योजना के चोरी गए 27,48,000/- रुपयों के पाईपों को किया जप्त**

**पुलिस ने 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार, चोरी की 02 घटनाओ का हुआ खुलासा**

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाकर अज्ञात आरोपियों की पतारसी व शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य मे थाना बलकवाडा मे पुलिस टीम ने नल जल योजना के चोरी गए 27,48,000/- रुपयों के पाईपों को चोरी करने वाले आरोपीयो को गिरफ्तार करने सफलता हासिल की है ।



1. 24 जून 25 को स्काईलॉक प्राइवेट कम्पनी के डिप्टी मैनेजर फरियादी मनप्रीत ग्राम भयावाडी शाहपुर बैतूल हाल अरिहंत नगर कसरावद ने घटना 02 जून 25 को नल जल योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य के कुल 123 पाईप कीमती 22,00,000 रुपए को घटना स्थल जलखा रोड़ तितरानिया फाटा से किसी अज्ञात चोर अपराध क्रमांक 184/25 धारा 303(2) बीएनएस का अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था ।

2. 24 जून 25 को WPIL लिमिटेड कम्पनी के असिस्टेन्ट मैनेजर फरियादी बापूजी निवासी ग्राम भट्टपुर भद्रक रुरल ओडिशा हाल अंगूर नगर कसरावद ने घटना 02 जून 25 को नल जल योजना के अंतर्गत चल रहे कार्य के कुल 20 पाईप कीमती 5,48,000 रुपए को घटना स्थल जल ज्योति के बीच दुर्गेश नामदेव के खेत के पास ग्राम टेमरनी से किसी अज्ञात चोर बदमाशों के द्वारा चोरी करने की सूचना पुलिस थाना बलकवाड़ा पर दी जिसकी सूचना पर क्रमशःअपराध क्रमांक 184/25 एवं 185/25 धारा 303(2) बीएनएस का अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था क्षेत्र मे चोरी की घटना की घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिनके निर्देशन मे व थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक रितेश यादव के नेतृत्व में थाना बलकवाडा से पुलिस टीम का गठन कर घटना मे शामिल आरोपियों व चोरी की घटना के खुलासे मे लगाया गया था । गठीत पुलिस टीम के द्वारा उक्त चोरी के मामले मे आने जाने वाले सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए व मुखबिरों को सक्रिय चोरी से जुड़ी जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम को उक्त चोरी की घटना मे योजनाबद्ध तरीके से कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए पंकज पिता रामकिशोर परिहार निवासी ग्राम पिपरोली गडिया जिला इटावा उ.प्र. को अभिरक्षा में लिया गया । जिसने पुलिस टीम को बताया कि उसने अपने साथी चेतन पिता रामस्वरुप गुर्जर निवासी ग्राम श्योपुर थाना नरेना जिला जयपुर राजस्थान एवं मोरध्वज पिता मोतीलाल चौधरी निवासी ग्राम जटवाडा थाना खैल्ली जिला अलवर राजस्थान के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा चेतन व मोरध्वज को प्रकरण में गिरफ्तार किया गया जिन्होंने उक्त दोनों घटना कारित करना स्वीकार किया । पूछताछ मे आरोपीगणों ने पुलिस को बताया कि, उन्होंने चोरी किए गए 91 पाईप जाम गेट के पास जंगल में एवं 52 पाईप भोपाल होशंगाबाद रोड शाहगंज फाटा ब्रिज के नीचे बेचने के लिए छुपाकर रखना बताया। पुलिस टीम के द्वारा बाद आरोपीगणों की निशानदेही पर चोरी गए 91 पाईप जाम गेट के नीचे जंगल से एवं 52 पाईप भोपाल होशंगाबाद रोड शाहगंज फाटा ब्रिज के नीचे से कुल पाईप 143 कीमत 27,48,000/- रुपये जप्त किए गए साथ ही घटना में प्रयुक्त 01 जेसीबी मशीन एवं 01 बोलेरो कार दोनों कुल कीमती 37 लाख रुपए कुल मशरुका लगभग 64,48,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर गिरफ्तारशुदा आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।

उक्त की गई कार्यवाही मे एसडीओपी मण्डलेश्वर मनोहर गवली के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बलकवाड़ा निरीक्षक रितेश यादव के नेतृत्व में उनि पप्पू मौर्य , प्रआर.868 रामेश्वर पांडे, आर.676 महेन्द्र ठाकुर, आर.364 जीतेन्द्र बघेल, आर. 1012 सुमित भदौरिया, आर.269 पंकज शर्मा एवं सायबर सेल प्रभारी दीपक तलवारे आर अभिलाष आर घनश्याम खरगोन का विशेष योगदान रहा ।

# परम पूज्य आचार्य श्री पद्मभूषण सूरिश्वरजी महाराज साहब का जैन तीर्थ शिवपुर मातमौर पर भव्य चातुर्मास प्रवेश

**रणजीत टाइम्स**

चापड़ा। मालव विभूषण पूज्यपाद आचार्य भगवंत श्रीमद्विजय वीररत्नसूरीश्वरजी महाराजा के शिष्यरत्न तपोनिष्ठ तपस्वीरत्न पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर जी महाराज साहब पंन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी म.सा मुनिराज श्रीभावरत्नविजय मुनिराज श्रीशौर्यरत्नविजय तथा साध्वी जी भगवान श्री विजयप्रभा श्रीजी साध्वी जी भगवान श्री भक्ति रेखा श्रीजी आदि साधु साध्वी का दिनांक 4 जुलाई को श्री शिवपुर महातीर्थ पर प्रातः 8:30 बजे तीर्थ द्वारा से श्री त्रिभुवनभानु पार्श्वनाथ जिनमंदिर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ ।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय से हाटपिपलिया, बागली, चापड़ा, डबलचौकी ,करनावद, बोलिया,इन्दोर देवास, आदि श्री संघ ने परम पूज्य महाराज साहब की बैंड बाजे के साथ भव्य अगवानी की। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रमोदजी भाया भी सम्मिलित हुए ।रास्ते पर भक्तो का जो जोश देखते बन रहा था सभी नाचते गाते गगन भेदी नारों से महाराज साहब श्री की अगवानी कर रहे थे ।तीर्थ द्वार पर ट्रस्ट मंडल द्वारा परम पूज्य महाराज साहब की अक्षत गवली की गई। श्री पारसनाथ भगवान के दर्शन के उपरांत प्रवचन हाल में म साहेब श्री का प्रवेश हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीतकार श्री अरविंदभाई चोरडीया के नवकार मंत्र के साथ हुआ तत्पश्चात जैन श्री संघ चापड़ा की महिला मंडल श्रीमति प्रिया बरडिया, श्रीमति शिखा दुग्गड व श्री मति रुचि बाबेल ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। ट्रस्ट सचिव विनोद बाबेल ने स्वागत भाषण दिया। विशाल जन समुदाय को पन्यास प्रवर श्री ऋषभरत्नविजयजी महाराज साहब ने चातुर्मास का महत्व आदि की व्याख्या की एवं चातुर्मास के अंतर्गत चौमासी एवं तत्पश्चात उपद्यान के कार्यक्रम पर विशेष प्रकाश डाला। आपने कहा कि इस तीर्थ के संस्थापक आचार्य श्रीमद वीररत्नसूरीश्वरजी महाराज साहब आज हमारे बीच में नहीं है किंतु आगामी 22 जुलाई को उनका द्वितीय पुण्य स्मरण दिवस आयोजित किया जाएगा । प्रवचन सभा में विभिन्न लाभार्थि श्री प्रमोदजी भाया, रमेशजी मेहता नरपत सेठ, जीतमलजी बम, कमलचंदजी बोथरा दिलीपजी बोलिया का जैन ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष हेमंत भाई पारीख , अजय मूणत देवास, सतीश मारू उन्हेल आदि ट्रस्टी गणों ने बहुमान किया गया। वर्तमान में शिवपुर मातमोर महातीर्थ में मालव विभूषण पूज्य आचार्य देव श्रीमद् विजय वीररत्नसूरीश्वर जी महाराज के द्वारा साधना एवं उपासना के माध्यम से ऊर्जावान् किया गया है, ऐसी तीर्थ भूमि पर वर्षो के बाद पूज्य श्री के शिष्यरत्न का आध्यात्मिक चातुर्मास होने जा रहा है । आचार्य ऋषि के आध्यात्मिक चातुर्मास प्रवेश में शंखेश्वर मंदिर देवास के ट्रस्टी भारत चौधरी, दीपक जैन , खाड़ोतिया तीर्थ ट्रस्टी गौरव दुग्गड, गौशाला मंदिर ट्रस्टी पारस मल कोठारी आदि कई सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ गण उपस्थित रहे, प्रवेश में पधारे सभी श्री संघों एवं भक्तगणों का



आभार तीर्थ ट्रस्टी कोषाध्यक्ष संजय लुणावत ने माना।

## विधायक प्रताप ग्रेवाल का दिल्ली मे गुजराती श्वेतांबर जैन संघ ने किया बहुमान साध्वी भगवंतो को अटल टनल से पैदल विहार की अनुमति मे की थी मदद



**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । दिल्ली मे 29 जून 2025 को परम पूज्य साध्वी श्रुतदर्शना म.सा. का चातुर्मास मंगल प्रवेश हुआ जिसमे सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित हुए। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने साध्वी भगवंतो का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दिल्ली गुजराती श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एवं दिल्ली गुजराती कुंथुनाथ ट्रस्ट द्वारा विधायक प्रताप ग्रेवाल का बहुमान किया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल का यह बहुमान साध्वी निधी दर्शना श्रीजी, साध्वी हीर दर्शना श्रीजी के हिमाचल प्रदेश मे पैदल विहार के दौरान 9 किलोमीटर लंबी अटल टनल रोहतंग मे प्रशासन से पैदल विहार की अनुमति दिलाने एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षाकर्मी भी उपलब्ध करवाने पर किया गया। साध्वी भगवंतो के पैदल विहार के दौरान प्रशासन द्वारा साध्वी भगवंतो को पैदल विहार की अनुमति प्रदान नही की गई थी जिससे साध्वी भगवंतो द्वारा 4 घण्टे तक विहार नही किया गया जिसकी सूचना जैन समाजजनो के माध्यम से विधायक प्रताप ग्रेवाल को मिली और विधायक ग्रेवाल द्वारा लाहौल डीसी से चर्चा कर पैदल विहार की अनुमति हेतु आग्रह किया जिस पर लाहौल डीसी द्वारा विधायक ग्रेवाल के आग्रह पर पैदल विहार की विशेष अनुमति प्रदान की थी। विधायक प्रताप ग्रेवाल के साथ चातुर्मास मंगल प्रवेश मे राजगढ नगर के समाजसेवी मनीष चॉईस जैन भी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अवैध लिमड़ी शराब जप्त कर विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही

**01 आरोपी को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार कुल 65 लीटर अवैध लिमड़ी शराब को किया जप्त**



**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना भगवानपुरा पर पुलिस टीम ने कुल 65 लीटर अवैध शराब जप्त कर 01 आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

03 गुरुवार 25 को थाना भगवानपुरा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, भाट बेड़ा ग्राम करही का रहने वाला सुरेश पिता अमरसिंह वास्कले ने अपने घर के पास लिमड़ी शराब का संग्रहण किया हुआ है और वो वहाँ से अवैध लिमड़ी शराब बेचता है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी भगवानपुरा निरीक्षक इलापसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर तत्काल मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया ।

पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुँच कर देखने पर मुखबिर के बताए हुलिये का व्यक्ति एक बड़ा ड्रम एवं एक छोटी प्लास्टिक की केन लिये बैठे दिखा, पुलिस टीम के द्वारा तत्काल उसे घेराबंदी कर पकड़ा । पकड़ मे आए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सुरेश वासकले होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा सुरेश वासकले से शराब रखने व बैचने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के बारे मे पूछने पर कोई वैध दस्तावेज व लाइसेंस नहीं होना बताया पुलिस टीम के द्वारा आरोपी सुरेश पिता अमरसिंह वास्कले निवासी भाट बेड़ा करही को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 65 लीटर अवैध लिमड़ी कच्ची शराब कीमती लगभग 6500/- रुपये को नियमअनुसार विधिवत जप्त कर थाना भगवानपुरा पर अपराध क्रमांक 215/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया ।

पुलिस टीम उक्त कार्यवाही में एसडीओपी भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी भगवानपुरा निरीक्षक श्री इलापसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व मे उनि.नरेश प्यासे, उनि.प्रेमसिंह सेमल्या, प्रआर.दिनेश जाधव, आर.प्रकाश सोलंकी, आर. हीरालाल धनगर, आर.आशीष चौहान, आर.अनिल बड़ोले व म.आर.पूजा शर्मा व थाने के अन्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा ।

# ग्रेसिम के पाँच कर्मचारियों को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने उज्जैन में पेंशन पेमेंट आर्डर (पी पी ओ) पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

रणजीत टाइम्स

नागदा। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, उज्जैन के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त श्री रितेश कुमार सोनी द्वारा ग्रेसिम स्टेपल फायबर डिवीजन के 5 कर्मचारियों को सेवाकाल के दौरान जून माह में 58 वर्ष पूर्ण करने पर भविष्य निधि की प्रयास योजना के अंतर्गत पी पी ओ पत्र प्रदान कर कर सम्मानित किया. इस मौके पर कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह एवं लेखाधिकारी श्री नलिन शर्मा उपस्थित रहे संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी श्री कमल सेठी ने बताया कि संस्थान के सर्वश्री राजवल्लभ कुशवाह, इक़बाल अली,



विनोद कुमार मिश्रा, रामदयाल सिंगवाने और कादिम वारसी को भविष्य निधि कार्यालय, उज्जैन आमंत्रित कर पी पी ओ पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सेवाकाल के दौरान उक्त पेंशन प्रक्रिया को समय पर सम्पन्न करने वाले संस्थान के पे रोल टीम के सर्वश्री अखिलेश पांडे, शीतल शर्मा, विजय मिश्रा और सुरेन्द्र मीणा की भूमिका सराहनीय रही. संस्थान के इकाई प्रमुख श्री शांतनु कुलकर्णी और मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख श्री एस के सिंह ने सम्मानित हुए कर्मचारियों के साथ अपनी टीम के सकारात्मक प्रयासों की सराहना की है एवं भविष्य निधि कार्यालय के इस पहल के प्रति आभार जताया।

## आध्यात्म, ज्योतिष और सकारात्मकता के पर्याय सोमनाथ (गुजरात ) के डॉ विक्रांत पाठक

रणजीत टाइम्स

गुजरात के प्रख्यात और सिद्ध सोमनाथ मंदिर के साधक और मर्मज्ञ डॉ विक्रांत पाठक से कोरोना काल से पहले उनके नागदा आगमन पर तब भेंट हुई जब वे आदित्य बिरला समूह की नागदा (मध्यप्रदेश ) की ग्रेसिम इकाई में तीन दिवसीय वरुण यज्ञ और नौ दिवसीय शत चंडी यज्ञ में अपने साधको के साथ नागदा आए थे. ग्रेसिम का सदस्य होने के नाते मेरा भी इन दोनों धार्मिक आयोजनों में डॉ विक्रांत पाठक से जीवंत संपर्क रहा प्रबंधक की तरफ से मुझे दोनों आयोजनों में आयोजन की व्यवस्था टीम का हिस्सा बनाया गया ताकि संस्थान की गरिमा अनुरूप दोनों आयोजन प्रति वर्ष सुचारु और निर्विघ्न रुप से सम्पन्न होते रहे

यह क्रम अनवरत जारी भी है, इसी बीच जब भी समय मिलता, मेरा विक्रांत जी से समय समय पर धार्मिक और आध्यात्मिक संवाद होने पर ही उनकी प्रकांड विद्वता का भान होता चला गया. मृदुभाषी, मिलनसार, दूरदर्शी सोच के साथ सदैव संवाद करने के साथ मूल रुप से गुजरात के होने के बाद भी हिंदी और संस्कृत श्लोको का एक स्वर में शुद्ध और स्पष्ट उच्चारण उनके मुख से सुनना मन्त्रमुग्ध करने वाला होता रहा हमेशा उनके द्वारा वरुण यज्ञ के साथ जल साधना और तपस्या अचंभित करने वाली होती है क्योंकि इस तरह की साधना लगभग अनदेखी ही रही है... अपने सहयोगी साथियों के साथ नवरात्रि में शत चंडी यज्ञ के दौरान एक स्वर में गुंजायमान मंत्रोचरण से ऐसा प्रतीत होता है जैसे गुरु वशिष्ट कहीं दूर जंगल में यज्ञ तपस्या से देवीय आराधना अनूठे ढंग से कर रहे है. एक बार अनौपचारिक भेंट में जब मैंने उनसे पूछा कि यह सब कब से और कैसे कर पाते है तब उन्होंने सहज रुप से स्वीकार किया कि 19 वर्ष की आयु से धर्म, संस्कृति, ग्रह- नक्षत्रों के





वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझना और समझाना शुरू किया जो आज पिछले लगभग दो दशकों से अनवरत जारी है. कॉर्पोरेट लेबल पर नई पीढ़ी को मेंटर के रुप में अपनी सेवाएं दे रहे पंडित जी ने यह भी स्वीकार किया कि नवोदित पीढ़ी को आज सही और सुदृढ़ राह दिखाने की आवश्यकता है और आज वे धर्म, वैज्ञानिक दृष्टि से बेहतर और स्वस्थ मानसिकता के साथ कामकाजी युवा पीढ़ी को पॉसिटिव बनाने का काम कर रहे है. आपका ज्योतिष ज्ञान भी अद्भुत देखा और महसूस किया मैंने... न कुंडली और न जन्मपत्री.... पास में बैठने भर से आपके अतीत, वर्तमान और भविष्य का सटीक खाका पल भर में खींच कर आपके सामने रखने में महारथ हासिल करने वाले पंडित जी के नाम से प्रख्यात डॉ विक्रांत पाठक की उच्च विचार शीलता अद्भुत है अपनी इसी उच्च कोटि प्रकांडता के लिए विख्यात युवा पंडित जी ने अल्पायु में ही देश विदेश में सनातन संस्कृति का डंका बजा कर देश प्रेम और मानवता की जो ध्वजा लहराई है वह वंदनीय है. ऐसे विद्वान प्रतिमूर्ति और प्रेरणापुंज ज्योतिष आचार्य डॉ विक्रांत पाठक को अद्भुत प्रतिभा को नमन।

## सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण युवाओं ने किया चिकित्सकों का सम्मान

रणजीत टाइम्स

**नागदा। श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज के युवाओं ने चिकित्सक दिवस के अवसर पर शहर के चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टर का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। युवा अध्यक्ष अजय पण्ड्या ने बताया प्रतिवर्ष युवा संगठन द्वारा नगर वासियों को स्वस्थ रखने के लिए चिकित्सा की अमूल्य सेवा प्रदान करने वाले नगर के डॉक्टरों का सम्मान किया जाता है।**

मंगलवार को समाज के अध्यक्ष






एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर प्रदीप रावल, डॉक्टर अनिल दुबे, डॉक्टर रमेश रावल, डॉ कैलाश जोशी, डॉक्टर हिमांशु दत्त पांडेय, डॉक्टर विनोद रावल आदि चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर युवा संगठन के सदस्य मौजूद रहे। जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने दी।

## डॉ. प्रगति जैन को लंदन मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में बेस्ट शोध पेपर के अवार्ड के लिए प्राचार्य,स्टॉफ द्वारा सम्मानित किया गया



रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंदौर नगर के मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय नंदा नगर की प्रोफेसर डॉ. प्रगति जैन, गणित को लंदन मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फ्रंटियर्स ऑफ इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग थ्योरी एंड एप्लीकेशन पर अपने शोध पत्र विषय "एक्सप्लेनेबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस थ्रू स्यादवाद लॉजिक" विषय पर चालीस देशों के बीच में बेस्ट पेपर का अवार्ड दिया गया, उन्होंने अपने शोध पत्र के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता को आधुनिक तकनीक में महत्वपूर्ण माना, उनका मानना था कि भारतीय दर्शन के स्यादवाद सिद्धांत कोई यदि ए. आई. से जोड़ दिया जाए तो आधुनिक तकनीक के जो परिणाम नैतिकता को संबल प्रदान करेंगे। डॉ. प्रगति जैन के अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस उपलब्धि के अवसर पर बधाई ज्ञापित करने के लिए संस्था के प्राचार्य डॉ देवेंद्र सिंह राठौड़ ने सम्मानित करते हुए,बधाई देते हुए कहा कि यह हमारी संस्था एवं इंदौर के लिए गर्व कि बात है. भारतीय ज्ञान परंपरा एक ऐसी परंपरा है जो सभी विषयों को अपने में समाहित कर लेती है, अब भारतीय ज्ञान परंपरा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने देश को ज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान दिला रही हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ जी आर मोरे ने करते हुए कहा कि प्राचीन समय से ही भारत का ज्ञान के क्षेत्र में डंका बज रहा है और आज भी भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व परिदृश्य में अपनी पहचान सबसे अलग रखती हैं, इसे बढ़ावा देने में हम सबका योगदान होना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय नंदा नगर के सभी प्राध्यापकगण . डॉ. स्मिता चैतन्य, डॉ.अंजलि पाल, डॉ. पुष्पा पठोदे, डॉ.बाऊ पटेल, डॉ. हितेंद्र बारगल, निशांत मिश्रा, डॉ.प्रियंका डलवानी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ.बबीता अग्रवाल, प्रो. ईश्वरी मुकाती, प्रो पायल कायस्थ, डॉ.शिल्पा सिंह कार्यालय प्रमुख निलेश गहलोत आदि ने बधाई दी।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मेधावी छात्रों को लैपटॉप वितरण का लाइव कार्यक्रम हुआ संपन्न





**रणजीत टाइम्स**

**जीरापुर । मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल में कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मैं मेधावी छात्रों को लैपटॉप की सौगात दी। सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 94 हजार से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि सीधे छात्रों के खाते में ट्रांसफर की।**

जीरापुर विकासखंड के शासकीय विद्यालय के 93 एवं अशासकीय की विद्यालय की 227 छात्राओं को लैपटॉप की राशि डाली गई । इसी के तहत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लाइव कार्यक्रम का राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर सपन्न कराया गया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन एवं अतिथियों का सम्मान कर की गई । कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम टांक, भाजपा मंडल अध्यक्ष लखन सिंह तोमर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी, नगर परिषद उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, जनपद सदस्य कुशाल मंडलोई, अजा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डॉ. विष्णु मालवीय, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक मालवीय, पार्षद सुनील हिंडोनिया, पार्षद मुकेश, कृषि विस्तार अधिकारी रमेश चंद शर्मा राज्य शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष सुरेश दांगी, पत्रकार ओम प्रकाश राठौर,डां. बी.एल.गुर्जर, रविन्द्र हाडा,कमलेश शर्मा, पवन अहिरवार, मॉडल स्कूल प्राचार्य कैलाश चंद्र शर्मा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य देवेंद्र शर्मा की मुख्य उपस्थिति में भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का लाइव प्रसारण दिखाया गया। जिला भाजपा उपाध्यक्ष बलराम टांक एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा रमेश चंद्र शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया की सभी छात्रों को पढ़ाई पर अधिक ध्यान देकर अगले साल जीरापुर विकासखंड में अधिक से अधिक लैपटॉप प्राप्त कर सके यह लक्ष्य लेकर जाएं। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से स्काउट गोवर्धन लाल वर्मा,हरीश गुप्ता,राकेश भावसार, भेरूलाल शर्मा, गोविंद शर्मा, दिलीप टेलर,शैलेन्द्र सिंह राठौड़,मुकेश कुमार सेन ,बालू सिंह पंवार ,रेहाना बी, ज्योति गुर्जर, पवित्रा पाटीदार ,स्पोर्ट्स शिक्षक अरविंद कुमार बंसल ,ओम प्रकाश गुप्ता, ओम प्रकाश सेन, गिरिराज गुप्ता रेडीमेड, प्रभुलाल टेलर ,आरिफ खान ,गोपाल कृष्ण वर्मा ,लक्ष्मीनारायण दांगी, अनीता वर्मा ,गिरिराज गुप्ता रावली सीमा गुप्ता,सुरेश कुमार वर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना हैं
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ। टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स